देश-विदेश में
महिलाओं की सुरक्षा पर सेमिनार

प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार-मॉट्रियल 2002

विमेन इन सिटीज़ प्रोग्राम ऑफ़ द सिटी ऑफ़ मॉट्रियल ने 2002 में महिला व सुरक्षा पर अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया था जिसमें देश-विदेश के 250 सहभागी शामिल हुए थे। इस सेमिनार का मुख्य लक्ष्य था- विभिन्न परिवारों, स्त्री-पुरुष, समुदाय व सरकारी संस्थानों, नागरिक व स्थानीय प्रशासन व पुलिस सेवाओं, ग्रामीण व शहरी अध्ययन व व्यवहार तथा उत्तर-दक्षिण के बीच साझेदारी विकसित करना। इस सेमिनार का यह भी मकसद था कि मौजूदा जानकारियों व व्यवहारों की समीक्षा करके महिलाओं व समुदायों की सक्रिय कार्यवाई के लिए रणनीतियां व नज़रिए तय किए जाएं जिससे राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय संगठन एकजुट होकर काम कर सकें। चर्चाओं के दौरान नागरिक सशक्तता व सहभागिता के मुद्दों पर भी ज़ोर दिया गया जिससे सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में काम किया जा सके। सेमिनार में यह भी तय किया गया कि स्थानीय अधिकारी व कार्यवाही तथा स्थानीय व अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों व व्यवहार शैलियों को किस प्रकार इस मुद्दे को सम्बोधित करने के लिए काम में लाया जा सकता है।

द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार-बोगोटा 2004

सार्वजनिक स्थलों तथा घर के भीतर औरतों पर होने वाली हिंसा के बीच संबंध को उजागर करने के लिए स्थानीय, क्षेत्रीय व अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क व संगठनों ने साथ मिलकर द्वितीय महिला व सुरक्षा सेमिनार का आयोजन बोगोटा में किया गया। इस सेमिनार में शामिल सभी तीन सौ सहभागी स्थानीय सरकारों, शोध व अकादमिक संगठनों, नागरिक समाज संस्थाओं व अंतर्राष्ट्रीय समूहों से आये थे। इस सेमिनार में चर्चित मुद्दे थे-महिलाओं व लड़कियों को सहभागिता, मोबिलाइज़ेशन व सशक्तता के लिए रणनीतियों का विकास तथा सार्वजनिक, निजी व प्रतिकात्मक स्थलों पर हिंसा व असुरक्षा का स्वरूप। स्थानीय अनुभवों को समझने के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में फील्ड ट्रिप आयोजित किये गये। इस सेमिनार का एक मुख्य आकर्षक था *महिला सुरक्षा एवार्ड* के अंतर्राष्ट्रीय विजेताओं का सम्मान करना।

तृतीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन-नई दिल्ली 2010

सार्वजनिक स्थलों पर औरतों की बढ़ती असुरक्षा तथा लैंगिक असमानताओं के कारण महिलाएं अपने नागरिक अधिकारों को पूरी तरह उपयोग करने में असक्षम हैं। इस सम्मेलन को आयोजित करने के पीछे उद्देश्य है शहर को सुरक्षित बनाना और इसमें औरतों की प्रमुख भागीदारी स्थापित करना। हमारा मानना है कि महिलाओं के लिए सुरक्षित शहर अन्य सभी के लिए भी पूर्णतः महफूज होंगे। यह सम्मेलन *जागोरी, विमेन इन सिटीज़ इंटरनेशनल, यूनिफ़ेम, यूएन हैबिटेट* का संयुक्त प्रयास है। सम्मेलन में महिला सुरक्षा मुद्दे से जुड़े नेटवर्क, संगठन, क्षेत्रीय, व राष्ट्रीय सरकारें, अंतर्राष्ट्रीय संगठन, ज़मीनी स्तर पर कार्यरत समूह, अपराध संरक्षण संगठन, शोधकर्त्ता व नगर पालिका संगठन शामिल होंगे। इस सम्मेलन के माध्यम से अच्छे प्रशासन, महिलाओं की मूल सुविधाओं तक पहुंच, महानगरों में महिलाएं, सुरक्षित शहरों के गठन के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रयास आदि विषयों पर चर्चाएं होंगी। इस सम्मेलन का आयोजन 22-24 नवम्बर 2010 को दिल्ली के इण्डिया हैबिटेट सेंटर में किया जा रहा है। सम्मेलन के दौरान 'महिला व यातायात' विषय पर एक प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।

अन्य जानकारी के लिए जागोरी से सम्पर्क करें

safedelhi@jagori.org